प्रेषक,

अल्पना
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश
आजमगढ।

सेवा में,

श्रीमान महा निबन्धक
माननीय उच्च न्यायालय
इलाहाबाद ।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश
आजमगढ।

विषय - <u>स्थानांतरण हेतु आवेदन</u>

महोदय ,

उपरोक्त सन्दर्भ में ससम्मान निवेदन है -

१-मैं जनपद आजमगढ़ में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यरत हूँ तथा मेरे पति डा०नीरज कुमार वर्तमान समय में जनपद मुरादाबाद में वरिष्ठ चिकित्साधिकारी जिला कारागार के पद पर कार्यरत हैं ।

२-उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार पति-पत्नी यदि दोनों सरकारी सेवा में कार्यरत है तो दोनों को यथासम्भव एक ही स्थान या समीपवर्ती स्थान पर नियुक्त करना चाहिये

३-मेरा पुत्र वर्तमान समय में एच०एल०पब्लिक स्कूल दिल्ली में कक्षा११ में अध्ययनरत है।

४-जनपद आजमगढ़ व जनपद मुरादाबाद में अत्यधिक दूरी है तथा रेल व सडक मार्ग द्वारा जाने में लगभग १८ घंटे लगते हैं तथा आने जाने में मुझे अत्यधिक असुविधा होती है।

५-मेरी सास का देहान्त हो चुका है तथा मेरे ससुर श्री ओ०पी०शर्मा मेरे पति के साथ ही रहते हैं ।उनकी आयु वर्तमान समय में ८० वर्ष है तथा वे ह्रदय रोग व पार्किन्सन रोग से पीडित हैं व चलने फिरने में असमर्थ हैं।उनकी ह्रदय रोग की बाई पास सर्जरी हो चुकी है तथा उन्हें तीन बार पैरालिसिस अटैक पड़ चुका है ।उनका श्री साई अस्पताल मुरादाबाद व मिम्हैंस न्यूरोसाईन्स अस्पताल मेरठ में भर्ती रखकर उपचार हुआ है तथा लगातार चैकअप के लिये मेरठ जाना पड़ता है। जनपद आजमगढ़ में उच्च स्तर की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है ।

६-यह भी निवेदन है कि मुझे Concentric left Ventricular Hypertrophy है तथा मेरा उपचार मेरठ से चल रहा है।

अतः विनम्र निवेदन है कि उपरोक्त परिस्थितियों में सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए मेरा स्थानांतरण जनपद मुरादाबाद के निकटवर्ती स्थान गाजियाबाद, हापुड, मेरठ,अलीगढ या बुलन्दशहर करने की कृपा करे । आपकी अति कृपा होगी ।

सादर

भवदीया
Alpana
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष
न्यायाधीश, आजमगढ़।